वार्षिकोत्सव एवं शिक्षक दिवस का आयोजन

राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान, सेक्टर 31, चंडीगढ़ में आज अपना पहला वार्षिकोत्सव एवं शिक्षक दिवस साथ साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल सेक्टर 32 के डायरेक्टर प्रिंसिपल सह संस्थान के निदेशक डॉ जसविंदर कौर थीं। इन्होंने याद दिलाया कि कैसे श्री जी. एस. गांधी के द्वारा चार पांच विशेष बच्चों के साथ एक छोटे से कमरे में इसकी शुरुआत की गई थी, परंतु आज इसका एक विशाल सेटअप है। यहां 450 से अधिक छात्रों को विभिन्न थेरेपी एवं शिक्षण प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने डॉ बीएस चवन को याद किया, जिन्होंने इस संस्थान के प्रगति की पराकाष्ठा की परिकल्पना की थी। डॉ. जसविंदर कौर ने शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर शिक्षकों को बधाइयां दी और बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु इनके द्वारा किए गए अथक प्रयासों की सराहना की।

संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण ने पिछले 1 वर्ष के दौरान संस्थान में आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया जैसे ऑनलाइन माध्यम से शिक्षण प्रशिक्षण, वर्चुअल रूप से अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस का आयोजन, दिव्यांग बच्चों के द्वारा विभिन्न पाठ्यचर्या और सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में जीत हासिल करना, महाविद्यालय के छात्रों के द्वारा वेबीनार आदि में भाग लेना और माता पिता एवं शैक्षिक कर्मियों के लिए कार्यशालाओं का आयोजन करना इत्यादि।

इन्होंने इस संस्थान को एक विश्वविद्यालय का रूप देने एवं यहां पीएचडी आदि कोर्स शुरू करने जैसे भविष्यगामी परियोजनाओं से भी अवगत कराया। इस शुभ अवसर पर विशेष विद्यालय के विद्यार्थियों जैसे आरती, अंशिका, शैंकी एवं महाविद्यालय की छात्रा अंजलि को उत्कृष्ट विद्यार्थी के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र दिए गए।

इस कार्यक्रम में विशेष विद्यालय और महाविद्यालय के शैक्षणिक कर्मियों और क्लीनिक के चिकित्सकों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुति दी।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. जसविंदर कौर और संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण को स्मृति चिन्ह के रूप में पौधे भेट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी श्री जसपाल शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस समारोह में डॉ. वानी रत्नम, डॉ. रीना जैन एवं डॉ वसिम इत्यादि मौजूद थे।

दीप प्रज्वलित करते हुए समारोह के मुख्य अतिथि डायरेक्टर प्रिंसिपल जीएमसीएच-32 सह संस्थान के निदेशक डॉ. जसविंदर कौर। .

संस्थान के विशेष विद्यालय की प्राचार्या डॉ. वाणी रत्नम, क्लीनिक प्रभारी डॉ. रीना जैन कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. वसीम एवं प्रशासनिक अधिकारी श्री जसपाल शर्मा के द्वारा संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ. प्रीति अरुण को पौधा भेंट किया गया।

नृत्य प्रस्तुत करते हुए संस्थान के टीचिंग स्टाफ ।